भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / Government of India

सत्यमेव जयते

प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 133/2023)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"दूरसंचार, प्रसारण और आईटी (आईसीटी) क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करना" विषय संबंधी परामर्श पत्र पर टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार

नई दिल्ली, 22 दिसंबर 2023 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिनांक 22 सितंबर 2023 को 'दूरसंचार, प्रसारण और आईटी (आईसीटी) क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करना' संबंधी विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। प्रारंभ में, परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 23 अक्टूबर 2023 और प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने के लिए दिनांक 6 नवंबर 2023 तक निर्धारित की गई थी। तथापि, हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः दिनांक 23 दिसंबर 2023 और 06 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गई थी। तथापि, टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों के लिए भादूविप्रा द्वारा शुरू की गई परामर्श प्रक्रियाओं की बहुलता के कारण हितधारकों ने इसमें और विस्तार देने का अनुरोध किया है।

2. टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने हेतु समय बढ़ाने के हितधारकों के अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, अंतिम उपाय के रूप में, प्राधिकरण ने टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः दिनांक 15 जनवरी 2024 और 29 जनवरी 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

3. टिप्पणियाँ/प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडी: advisorit@trai.gov.in और एक इसकी प्रति ja-qos1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री आनंद कुमार सिंह, सलाहकार (सीए, आईटी और टीडी) से दूरभाष संख्या + नंबर +91-11-23210990 पर संपर्क किया जा सकता है।

(महेंद्र श्रीवास्तव)
सचिव प्रभारी, भादूविप्रा